कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 01.12.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न आयोजन
रैली के माध्यम से दिया जागरूकता संदेश

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ‘‘विश्व एड्स दिवस’’ के अवसर पर जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

यूथ रेडक्रॉस तथा रेड-रिबन क्लब की प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार एड्स जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न गतिविधियाँ तथा प्रतिस्पर्धाएँ आयोजित की जा रही है। जिसमें पोस्टर, निबंध, भाषण के साथ नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति शामिल है। इसके साथ ही रील-मेकिंग, विडियो-मेकिंग भी प्रमुख है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि एड्स से संबंधित भ्रांतियाँ व भ्रमित जानकारी की रोकथाम अति आवश्यक है जिसके लिए युवाओं में जागरूकता लाने के लिए इस तरह के आयोजन अपनी सार्थक भूमिका निभाते हैं। हमारे महाविद्यालय की यथूरेडक्रॉस व रेडरिबन क्लब तथा ग्रीन आर्मी, एक्वा क्लब के वालिंटियर्स अपने सामाजिक दायित्व को समझते है और सक्रियता से कार्य करते हैं।

इस अवसर पर डॉ. रेशमा लाकेश एवं कु. तबस्सुम अली द्वारा एचआईवी एड्स पर लिखी पुस्तक ‘‘हेल्प देज हील’’ का विमोचन किया गया।

छात्राओं ने जागरूकता रैली निकली जो प्रमुख मार्ग का भ्रमण किया तथा संदेश वाहक नारे लगाए। आयोजित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के पुरस्कार दिए गए। पोस्टर मेकिंग में कु. मनीषा धृतलहरे प्रथम तथा कु. महक परवीन एवं शीलमन ठाकुर, शिवानी ठाकुर द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।

निबंध स्पर्धा में प्रिया राउत प्रथम तथा टिकेश्वरी साहू, मनीषा द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। भाषण स्पर्धा में कु. नेहा सिन्हा प्रथम तथा शिल्पी शर्मा एवं श्वेता साहू द्वितीय एवं तृतीय पर स्थान रहें। कार्यक्रम में डॉ. रीता शर्मा, डॉ. लता मेश्राम एवं डॉ. मुक्ता बाखला ने सहयोग किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बड़ी संख्या में भागीदारी की।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में
विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न आयोजन
रैली के माध्यम से दिया जागरूकता संदेश

पुस्तक विमोचन

जागरूकता रैली

पुरस्कार वितरण

नुक्कड़ नाटक